दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-226 वीरवार 17 अगस्त, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# कृष्ण कांत गुप्ता ने छात्रों को किया सम्मानित

**फरीदाबाद,16 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के छात्रों, जिन्होंने जर्मन भाषा में A1 स्तर पूरा किया, उनको प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सम्मानित किया। यह पाठ्यक्रम छात्रों की सुविधा के लिए यस जर्मनी संस्था, फरीदाबाद के सहयोग से चलाया जा रहा था। छात्रों के समग्र विकास और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम कॉलेज लगातार आयोजित कराता रहता है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह तीसरी भाषा का ज्ञान छात्रों के कौशल विकास का एक माध्यम है। पाठ्यक्रम के लिए 18 छात्रों ने पंजीकरण करवाया था। सुश्री कमल टंडन ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सारिका कांजलिया और डॉ. इनायत चौधरी भी उपस्थित थे।



सम्मानित छात्र कालेज के प्राचार्य के.के. गुप्ता के साथ।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।